# मेदिनीनगर में भी बहुप्रतीक्षित महिंद्रा थार लॉच होना सुखद : सांसद

## तीन अक्टूबर से बुकिंग प्रारंभ

## आनंद मोटर्स में युवाओं की धड़कन एसयूवी थार रॉक्स की बंबइया स्टाइल में हुई लांचिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटिका के गांधी उद्यान में महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स के द्वारा बहुप्रतीक्षित महिंद्रा थार रॉक्स का लॉन्चिंग किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि पलामू लोकसभा के सांसद विष्णु दयाल राम, माता द्रोपदी देवी, विशिष्ट अतिथि मेदिनीनगर के प्रथम महापौर अरुणा शंकर, आनंद मोटर्स के निदेशक आकर्ष आनंद, महिंद्रा के पदाधिकारी अजय, नवल तुलस्यान,



प्रभात अग्रवाल, प्रो जुगल किशोर, चार्टर्ड अकाउंटेंट जय शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर थार रॉक्स गाड़ी का अनावरण किया। कार्यक्रम में चेंबर




ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सह आनंद मोटर्स ग्रूप के चेयरमैन आनंद शंकर एवं चेंबर के सभी पदाधिकारी तथा सदस्य के साथ-साथ शहर के काफी संख्या में अतिथि उपस्थित थे। महिंद्र इस लॉन्चिंग में उपस्थित सभी को आनंद शंकर जी ने अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। महिंद्रा थार रॉक्स के बारे आरएसएम अजय ने फीचर्स को काफी विस्तृत से बताते हुए शुरूआती कीमत रू 12.99 लाख रुपए बता कर सबको चौंका दिया।

इस अवसर पर महिंद्रा की ओर से 25 सितंबर तक सभी युटयुबर्स दोस्तों के लिए हाईएस्ट व्यूवर अवार्ड की घोषणा करते हुए गाड़ी के फीचर्स को बताते हुए कहा कि थार रॉक्स बेहतरीन ड्राइविंग के लिए 6 स्पीड मैनुअल और 6 स्पीड एआईएसआईएन टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के साथ उपलब्ध है। इस गाड़ी का सनरूफ पूर्ण रूप से खुल जाता है। इसके कई उपयोग होंगे।

कार्यक्रम में रवि सिंह ने सब को धन्यवाद दिया तथा मनप्रीत सिंह लक्की ने सभी अतिथियों को बुके देकर सबका अभिवादन किया। सभी लोगों ने बताया कि इस तरह की शानदार लॉंचिंग बड़े शहरों में देखने को मिलती थी जो आज मेदिनीनगर में भी कई मॉडल्स के साथ गाडियां लांच हो रही है।

## स्पीड न्यूज

### सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति ने भव्य तरीके से दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय





मेदिनीनगर। सदर प्रखंड क्षेत्र के झरिवा आहर सुआ कौड़िया सार्वजनिक शिव मंदिर के प्रांगण में इस बार भव्य तरीके से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा में 40 फीट उंचा पूजा पंडाल बनाया जायेगा जो आकर्षण का केंद्र होगा। पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार दुर्गा पूजा सुआ कौड़िया में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस बार बिहार झारखंड के कथावाचक टुनटून मिश्रा उर्फ हलचल बाबा का आगमन सुआ कौड़िया में होगा। टूनटून मिश्रा इस बार लोगों को अमृतमयी प्रवचन से लोगों को लाभांवित करेंगे। उन्होंने कहा कि नौ अक्तूबर को भव्य कलश यात्रा निकाला जायेगा। साथ में भंडारा का भी आयोजन किया जायेगा। पूजा समिति द्वारा कलश यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को एक रूपये में कलश प्रदान किया जायेगा। नवरात्र पाठ में भाग लेनेवाले श्रद्धालु को पूजा का वस्त्र भी नि:शुल्क प्रदान किया जायेगा। दुर्गा पूजा व नवरात्र पाठ को लेकर पूजा समिति द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सुआ कौड़िया रामनवमी पूजा के जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, पूजा समिति के अजीत सिंह, सोरेन विश्वकर्मा, नंदू सिंह, देवेंद्र ठाकुर, दिनेश प्रसाद, सुरेंद्र साव, अरूण कुमार गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, धिरेंद्र प्रसाद, प्रदीप ठाकुर, प्रकाश ठाकुर, विजय ठाकुर, बिंदा ठाकुर, सोनू विश्वकर्मा, करम प्रसाद, राहुल सिंह, उपेंद्र प्रसाद समेत कार्यकर्ता पूजा की तैयारी में लगे हैं।

### शहर के कई होटलों की हुई जांच



मेदिनीनगर। जेएसएससी परीक्षा को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने को लेकर एसडीएम अनुराग तिवारी, सीओ अमरदीप बलहोत्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने डालटनगंज शहर के कई होटलों में जांच किया। संदिग्ध लोगों का बारिकी से जांच किया गया।

### आइआरबी समादेष्टा ने वन प्रमंडल पदाधिकारी व पाटन सीओ को भेजा पत्र

पाटन पलामू। लेस्लीगंज आईआरबी 10 पलामू के समादेष्टा ने मेदिनीनगर वन प्रमंडल पदाधिकारी व पाटन सीओ को पत्र भेजकर आईआरबी 10 पलामू के हेडक्वार्टर हेतू आवंटित भूमि पाटन प्रखंड के बसदह में वृक्षारोपण कराने का आग्रह किया है। समादेष्टा ने कहा कि गत दिन आईआरबी 10 पलामू वाहिनी मुख्यालय के हेडक्वार्टर के स्थापना हेतू के लिए 25 एकड़ भूमि सीमांकन किया गया है। उक्त भूमि पर फलदार, फुलदार व छायादर एक हजार वृक्ष लगाने की बात कही गयी है। इस पर सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने तत्परता दिखाते हुए उक्त भूमि पर वृक्षारोपगण करने का पहल शुरू कर दिया है।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन





**पांडू पलामू (राजकुमार सिंह)।** पांडू प्रखंड में शुक्रवार को पांडू के खेल स्टेडियम में खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत प्रखंड स्तरीय कबड्डी खेल का आयोजन किया गया। जिसमें पांडू जिप सदस्य मीना देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर खेल को आरंभ किया गया। खेल शिक्षक अनुपम तिवारी, शकील हैदर व निरंजन कुमार ने किया। वही कार्यक्रम का संचालन संदीप सिंह व ब्रजेश कुमार यादव ने किया। खेल में सभी टीम में 14 वर्ष से 18 वर्ष आयु के लड़का वर्ग व लड़की वर्ग के छात्रों ने भाग लिए। पांडू प्रखंड से खेल में कुल 20 टीम भाग लिया। प्रखड से चयनित सभी छात्रों को आगे जिला स्तर के खेल में भेजा जाएगा। मौके पर बी पी ओ मानी कुमार पांडेय,सी आर पी अजय सिंह, महबूब अली आदि उपस्थित थे।

### सगुना पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत सगुना पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन दूसरी बार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ प्रवीण सिंह, सगुना पंचायत के मुखिया मंजु देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह एवं शक्ति शंकर गुप्ता ने सामुहिक रूप से किया। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। शिविर का संचालन बीपीआरओ अहमद अंसारी ने किया। शिविर में लाभुकों की उपस्थिति बहुत ही कम रही। मौके पर पाटन बीडीओ ने कहा कि सभी विभागों के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाया गया जिसके चलते शिविर में लाभुकों की कमी है। इसके लिए बीडीओ अमित कुमार झा ने सभी विभागों के कर्मियों एवं जनप्रतिनिधि को धन्यवाद दिया। मौके पर पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने अंचल द्वारा मिलने वाली लाभ को विस्तार से बताया तथा भारी बारिश से गिरे घरों एवं फसलों को नुकसान हेतु आवेदन करने के लिए लोगों से कहा। शिविर में पाटन प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि जो महिलाएं छः महीने या साल भर के अन्दर बिंधवा हो गये हैं उनके लिए भी इस शिविर में योजना चलाई जा रही है। आप इसका लाभ उठावें। इस पर मुखिया पहल कर लाभ दिलाने का काम करें।

# छतरपुर विधानसभा के विकास के लिये नहीं छोड़ेंगे कोई कसर : पूर्व सांसद घूरन राम






## नौडीहा व छतरपुर में सम्मान सह मिलन समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर पाटन विधानसभा के छतरपुर व नौडीहा मंडल मे भाजपा की ओर से मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नौडीहा मंडल के सरइडीह पंचायत भवन मे आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता यशवंत कुमार व छतरपुर मंडल के कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरिवार राम ने की। कार्यक्रम मे सभी वर्ग के लोगों के साथ साथ रविदास समाज के हजारों की संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। दोनों जगह मुख्य अतिथि पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता घूरन राम ने भाग लिया। पूर्व सांसद राम ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनेवाले सभी सदस्यों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राम ने कहा कि संगठन की मजबूती व छतरपुर बिधानसभा क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता है। इसमें पुरा जान लगा देंगे। किसी प्रकार की कोताही नहीं होंगी। साथ ही छतरपुर पाटन बिधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन मेरे लिए आदरणीय थे है और सदैव आदरणीय रहेंगे। जब से राजनीति में कदम रखा हूं तब से छतरपुर बिधानसभा के जनता जनार्दन का भरपूर दुलार प्यार व आशीर्वाद मिलता रहा है। इसे हम जीवन पर्यन्त नहीं भूल सकते है।

### तरहसी के पाठक पगार व पांकी में आजीविका महिला संकुलस्तरीय वार्षिक आम सभा संपन्न

# पांकी विस क्षेत्र में समूह की महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर : डॉ शशिभूषण





खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी/पांकी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तरहसी प्रखंड के ग्राम पंचायत भवन पाठक पगार और पांकी प्रखंड में आजिविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा वार्षिक आम सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन पांकी विधायक डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने किया। मौके पर बबलू, समाजसेवी अनुज सिंह, प्रियंका देवी, तेतराई महिला संकुलस्तरीय समिति के अध्यक्ष अंजु देवी, सचिव अनिता देवी, कोषाध्यक्ष फुलवंती देवी, जिला पार्षद खुशबू कुमारी, मुखिया जितेंद्र पांडेय, डीपीएम रमेश द्विवेदी, सीसी बैजू कुमार यादव, आई पीआरपी रीना देवी, उप मुखिया समुन कुमारी, सभी खी मंडल, ग्राम संगठन की महिला, पंचायतस्तरीय कैडर शामिल थे। मौके पर विधायक ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाएं आज पुरूषों से कोई भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। महिलाओं को प्रशिक्षित होने से उनके रोजगार बढ़ेंगे। साथ ही उनके आय से परिवार का भरण पोषण होगा।

### कोटखास पंचायत भवन में आम सभा का आयोजन

नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत भवन के कोटखास के प्रांगण में दारुडीह आजीविका आजिविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि पांकी विधायक शामिल हुए।

### पोखराहा निमियाही से बरवाही तक आहर के बांध मरम्मत का नगर आयुक्त ने दिया आश्वासन : अविनाश देव



मेदिनीनगर। हाल के चार दिनो का मूसलाधार बारिश लोगों को जीना मुहाल कर दिया। बरसात के अंतिम मौसम ऐसा जलजला लाया कि आहर पोखर नदी नाला तहस के नहस कर के रख दिया और आवा गमन ठप हो गया। इसी चार दिनो के बरसात में नगर निगम मेदिनीनगर के पोखराहा ग्राम निमियाही बांध टूट गया और आवा गमन ठप पड़ गया। पोखराहा के एक युवा ब्रिगेड के शिष्टमंडल अविनाश देव के नेतृत्व में नगर आयुक्त मो जावेद हुसैन से मिला और निमियाही बांध से बारवाही बांध तक मरम्मत का त्वरित आश्वासन मिला। उम्मीद है नगरनिगम प्रशासन दशहरा दीपावली के मद्देनजर यथाशीघ्र मरम्मती कार्य लगवाने का काम करेंगे। प्रतिनिधि मंडल के सदस्य अनुज मेहता, रामप्रवेश साव,दीपक कुमार, दीपक गुप्ता, जुगुल मांझी,श्याम बिहारी,अनिल कुमार एवं कुलदीप महतो शामिल थे। देव ने कहा कि समस्या सुनकर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द पोखराहा निमियाही से बरवाही तक आहर के बांध मरम्मत कराया जायेगा।

# भाजपा भगाओ यात्रा का दीपक तिवारी ने किया शुभारंभ

**मंत्री मिथलेश ठाकुर का गढ़वा विकास मॉडल गांव-गांव दिखाएंगे दीपक, पलामू, गढ़वा, लातेहार के नौ विधानसभा सीटों के गांव-गांव पहुंच जोड़ेंगे युवा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा की परिवर्तन यात्रा को झामुमो नेता दीपक तिवारी के भाजपा भगाओ यात्रा से सामना करना पड़ेगा। झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार के पांच सालों में किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए किए गए कार्यों को जन जन तक दीपक तिवारी पहुंचाएंगे। साथ ही झामुमो के लोक कल्याण नीति को मोदी के नाम से जोड़कर भरमाने वाले भाजपाइयों को आगामी विधानसभा चुनाव में आईना दिखाने का काम करेंगे। इसकी शुरूआत दीपक तिवारी ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड से कर दी है। मौके पर दीपक तिवारी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को माटी का पार्टी बताकर युवाओं को जुड़ने का आह्वान किया है। साथ किसानों को ऋण माफी, उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी, महिलाओं को सम्मान योजना, युवाओं को नियुक्ति पत्र देने वाली सरकार को फिर से समर्थन देने की अपील की। इस दौरान कहा कि राज्य में गठबंधन की लहर चल रही है। विकास का स्वरूप देखना है तो गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास देख सकते हैं। साथ ही बताया कि सीएम हेमंत सोरेन की सरकार के कामकाज का लाभ मोदी के नाम से जोड़कर गुमराह करने वालों को इस बार जनता सबक सिखाएगी।

### भक्ति से मिलती है शक्ति व सुकुन : डॉ मेहता





मेदिनीनगर। पांकी बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत सगालिम शिव मंदिर बस स्टैंड में विश्वकर्मा पूजा महोत्सव कार्यक्रम पर भक्ति जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत फिता काटकर एवं पूजा अर्चना कर उदघाटन किया। मौके पर विधायक ने कमिटी को 15000 का सहयोग राशि दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि भक्ति से हमें शक्ति व सुकून मिलती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा का निखार होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमेशा आयोजित की जानी चाहिए। मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।

**विधायक ने किया क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण कराने की घोषणा**

पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत आसेहार दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आसेहार से टेड़ी टोला जाने का मुख्य सड़क पर बहुत पहले से बना पुलिया बरसात के पानी से क्षतिग्रस्त हो गया था। इसकी जानकारी मिलने पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने स्थल निरीक्षण किया। साथ ही पुलिया को जल्द निर्माण कराने की बात कही।

### लंगुराहा में डायरिया से दर्जन भर लोग आक्रांत



हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र के लंगुराहा गांव में डायरिया से करीब दर्जनभर लोग आक्रांत हैं। पीड़ितों में सतेन्द्र यादव, महेंद्र प्रजापति,अलख यादव, रविन्द्र यादव सहित अन्य घरों के महिला पुरुष सदस्य शामिल हैं। सूचना के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को गांव में पहुंचकर मुआयना किया। साथ ही ओआरएस के पैकेट, ब्लीचिंग पाउडर वितरण किया। वहीं लोगों को पानी उबालकर पीने, ताजा भोजन करने और घरों के आसपास साफ सफाई रखने की सलाह दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने विशेष परिस्थिति में एम्बुलेंस के लिए 108 पर कॉल कर सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराने की बात कही। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाङ्ग गोपाल प्रसाद ने बताया कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। बावजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम अलर्ट है। उन्होंने बताया कि गिद्दी परसडीह गांव से भी डायरिया के तीन मामले आए थे। सीएचसी में इलाज के बाद ठीक हो जाने पर उन्हें घर भेज दिया गया। मौके पर फार्मासिस्ट अविनाश कुमार, विकास कुमार सिंह स्वास्थ्य सहिया लालो देवी आदि मौजूद थे।

# वन भूमि पर निवास करनेवाले 65 लोगों ने दावा फार्म जमा किया नहीं मिला वन पट्टा अधिकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ प्रखंड के ग्राम कुटी, नावाडीह, धावा, बेड़मा के सैकड़ों आदिवासी, भुइयां, मांझी समुदाय के लोगों ने वन अधिकार पट्टा की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। इस मामले में हिंदू मुंडा ने कहा कि 19 जनवरी 2017 को वन क्षेत्र पर दावेदारों द्वारा दावा फार्म भरवाया गया जिसमें 65 लोगों ने दावा फार्म अंचल अधिकारी, एसडीओ व कल्याण विभाग को सौंपा। जो मामला अभी तक लटका हुआ है। मुंडा ने कहा कि सभी दावा फार्म चैनपुर सीओ के यहां पड़ा हुआ है। इस पर उपायुक्त त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को वन पट्टा अधिकार दिया जाये। प्रेमनी होरो ने कहा कि वन भूमि पर हमारे पूर्वजों द्वारा विगत कई वर्षों से घर मकान बनाकर रहते आ रहे हैं। साथ ही उक्त जमीन पर जोत कोड़ किया जा रहा है। जिसे अभी तक वन पट्टा अधिकार नहीं दिया गया है। जबकि झारखंड सरकार वर्ष 2017 में ही वन भूमि पर निवास करनेवाले या जोतकोड़ करनेवाले समुदाय के लोगों को वन पट्टा अधिकार देने का आदेश पारित की थी जिसे जिला प्रशासन जान बूझकर लटका रही है। तुलसी मुंडा ने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा वनभूमि पर जोत कोड़ किया जा रहा है। जिसे आज वन विभाग के रेंजर द्वारा बार बार धमकी दिया जाता है कि खाली करो वरना वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### जेएसएलपीएस के प्रखंड स्तरीय वार्षिक आम सभा की हुई बैठक



विश्रामपुर (पलामू)। आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड का प्रखंड स्तरीय वार्षिक आमसभा की बैठक शुक्रवार को विश्रामपुर डाकबंगला परिसर में हुआ। कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीस का वार्षिक उत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिला पार्षद विजय रविदास, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, एसबीआई के शाखा प्रबंधक राजुल हेंब्रम, बघमनवा मुखिया मंजू देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में जेएसएलपीएस द्वारा वर्ष 2023 -24 का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। जेएसएलपीएस के अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में कई महिलाओं को स्वालंबी बनाया गया। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि जेएसएलपीएस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आजीविका प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर बीपीएम धनंजय कुमार, मुखिया राधाकृष्ण साव, रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, सीएएलएफ अध्यक्ष रीना कुमारी, सचिव बिंदु कुमारी, कोषाध्यक्ष गुड्डी देवी, लेखा पाल आरती कुमारी मौजूद थीं।

# क्या वैश्य और ब्राह्मण को साध पायेगी भाजपा! या इस बार भी उपेक्षित होगा कोर वोटर का समूह

## भाजपा के रणनीतिकारों के समक्ष बड़ी चुनौती




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/मेदिनीनगर।** पलामू में इस बार भाजपा की राह आसान नही है। पलामू भाजपा का परंपरागत गढ़ रहा है। यह अभेद्य किला भी है। लेकिन राजनीतिक तौर पर इसे बचाये रखना भी भाजपा के लिए 2024 के चुनाव में एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि भाजपा फिलहाल अपना फोकस वैसै इलाके पर कर रहा है, जहां सांगठनिक तौर पर पार्टी कमजोर है। पर वैसै इलाके जहां संगठन और कोर वोटर के जरिये भाजपा विजय पताका फहराती रही है, पार्टी उन ध्वजवाहकों के साथ कितना न्याय कर पाती है।

इस चुनाव में यह सवाल उतना ही महत्वपूर्ण होगा। बात यदि पलामू की करे तो ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के कोर वोटर रहे है। अभी की जो मौजूदा राजनीतिक रही है वह समाजिक समीकरणों के आसरे साधे जा रहे है। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि उम्मीदवार उतारे जाने के दौरान इन पहलूओं का ध्यान रखें जाने की अपेक्षा की जायेगी। पलामू के पांच सीट में एक सीट छत्तरपुर अनूसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। शेष बचे चार सीटों में पिछले चुनाव 2019 में न तो ब्राह्मण को प्रतिनिधित्व मिला न तो वैश्य को।

देखा जाये तो डालटनगंज विस सीट वैश्य की परंपरागत सीट रही है। वैश्य समाज से आने वाले पूरनचंद ने चार दफा इस सीट से चुनाव जीता था। वही व्यवसायिक पृष्ठभूमि से आने वाले इंदर सिंह नामधारी ने छह बार जीत दर्ज की। 1980 के बाद हुये चुनाव को देखे तो कांग्रेस ने दो दफा इस राजनीतिक जमीन पर अपनी पैठ बनायी है।

1985 में ईश्वर चंद्र पांडेय ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इंदर सिंह नामधारी को हराया था। उसके बाद 2009 में कांग्रेस के केएन त्रिपाठी ने भाजपा प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी को हराकर कांग्रेस की वापसी करायी थी। पिछले दो बार से आलोक चौरसिया इस सीट पर अपनी जीत दर्ज कर रहे है। लेकिन इस बार उनकी हैट्रीक पर ब्रेक लगाने की तैयारी सियासी तौर पर तैयार की जा चूकी है। क्योंकि आलोक ओबीसी वर्ग से आते तो जरूर है पर सीधे तौर पर वैश्य से उनका जुड़ाव नही है। उनके राजनीतिक मूल आधार दस हजार के करीब उनका स्वजातिय वोटर है, जिसमें में भी सेंधमारी करने के लिए उनके जात के ही दावेदार चुनावी मैंदान में ताल ठोक रहे है। ऐसे में भाजपा के समक्ष संकट यह होगा क्या वह दस हजार वोट के आधार पर उस एक बड़ी आबादी जो वैश्य का है उसे निराश करेगा या फिर अपने कोर वोटर को ध्यान में रख कर निर्णय लेगा। इसका पता तो आने वाला वक्त में ही चलेगा? वैश्य और ब्राह्मण वोट के बडे आधार रहे है ऐसे में डालटनगंज के बाद दूसरा जो सीट है हुसैनाबाद वह परंपरागत राजपूत या फिर ओबीसी कोटा का परंपरागत सीट रहा है। विश्रामपुर सीट पर रामचंद्र चंद्रवंशी का दावा मजबूत है, हलांकि भाजपा से टिकट के लिए पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय हाथ पैर मार रहे है। लेकिन वह चंद्रवंशी जैसै स्थापित नेता के सामने टिक पायेगें इसकी संभावना कम ही दिख रहा है।

जबकि इस सीट पर कांग्रेस हमेशा ददई दूबे पर दांव अजमाते रही है। इस बार दूबे के पोता भी कांग्रेस से टिकट की दौड में है। पांकी विस सीट पर वर्ष 2014 में भाजपा ने ब्राहण समाज से आनेवाले अमित तिवारी को प्रत्याशी बनाया था। तब उस क्षेत्र में विधायक विदेश सिंह (अब स्वर्गीय) का राजनीतिक वर्चस्व हुआ करता था। चुनाव के अंतिम समय में टिकट का ऐलान हुआ। उसके बाद भी अमित तिवारी को तीस हजार से अधिक मत मिले थें। इसके बाद वर्ष 2016 में विधायक विदेश सिंह के दिवंगत होने बाद हुये उपचुनाव में भाजपा ने ओबीसी कार्ड खेला और पूर्व मंत्री मधु सिंह के पुत्र लालसूरज को टिकट दिया। लाल सूरज को दिवंगत विधायक विदेश सिंह के पुत्र बिट्टू सिंह ने चुनाव हरा दिया। 2019 में झामुमो छोडकर डॉ शशिभूषण मेहता भाजपा में आये और कांग्रेस के बिट्टू सिंह को हराया। 2024 में राजनीतिक परिस्थिति बदली है। अविभाजीत बिहार के जमाने 1995 में भाजपा ने वैश्य समुदाय के शिवनाथ अग्रवाल को पांकी विधनसभा से टिकट दिया था, उस वक्त अग्रवाल डालटनगंज विस सीट से टिकट चाह रहे थे। लेकिन तब उन्हें टिकट न दे कर डॉ सूर्यमणि सिंह को भाजपा ने इंदर सिंह नामधारी के खिलाफ उतारा था। डॉ सिह को हार का मुंह देखना पड़ा था। अभी तक डालटनगंज सीट से भाजपा ने नामधारी के बाद कभी भी वैश्य या व्यवसायिक पृष्ठभूमि से आने वाले को अपना उम्मीदवार नही बनाया है। इसलिए इस बार यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अपने कोर वोटर ब्राहण और वैश्य को भाजपा किस प्रकार साधने का काम करती है। क्योकि पलामू के पांचो विधानसभा सीट को देखे तो वैश्य समाज और ब्राहण की बहुलता है। जो अभी तक परंपरागत रूप से भाजपा के साथ जुड़े रहे है। ब्राहण को पूरी तरह से पलामू की राजनीतिक से खारिज नही किया जा सकता है। भाजपा के स्तर से इस समुदाय के नेताओं की उपेक्षा का मामला को यदि राजनीतिक मुद्दा बना दिये जाये तो आसानी से यह ब्राहण मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। पलामू में कांग्रेस के पास केएन त्रिपाठी, ददई दूबे जैसै स्थापित नेता है तो सांगठनिक स्तर पर चंद्रशेखर शुक्ला और जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक जैसा चेहरा भी। लोगो में इस बात की चर्चा आजादी के बाद से लेकर अब तक का पलामू का जो राजनीतिक इतिहास रहा है उसमें पलामू में ब्राहणों को सबसे अधिक राजनीतिक रूप से तबज्जो देने का काम कांग्रेस ने किया है। इसके बाद भी ब्राहण भाजपा के कोर वोटर है। कमोबेश आज तक का जो वोटिग ट्रेड रहा है वह यही है वैश्य और ब्राहण एक दल को ही वोट करते है। ऐसे में वैश्य और ब्राहण समाज के एकमुश्त वोट का बिखराव न हो इसके लिए भाजपा क्या रणनीति अपनायेगी सियासी तौर पर यह देखना काफी महत्वपूर्ण होगा।

स्पीड न्यूज

## पेड़ से दबकर जोबांग थाना क्षेत्र के दो सगे भाइयों की मौत

**लोहरदगा।** जिले के जोबांग थाना क्षेत्र के सीरम पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सेम्भूवा गाँव निवासी दो भाइयों की मौत पेड़ की डाली से दबकर हो गई है।जानकारी के अनुसार सेम्भूवा गाँव निवासी कृष्णा तुरी के पुत्र सुधीर तुरी (21 वर्ष)एवं राहुल तुरी (22 वर्ष) चंदवा से वापस लौट रहे थे, इस क्रम में चंदवा थाना क्षेत्र के भुसाड़ गांव के समीप उनपर सूखे पेड़ की डाली टूट कर गिर गई। जिससे राहुल तुरी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं सुधीर तुरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के पस्चात इसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में उसकी भी मौत हो गई। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## झारखंड बचाओ रैली सह जन पंचायत कार्यक्रम 29 को

**गुमला।** थर्ड फ्रंट के घटक पार्टी संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के संयुक्त बैनर तले गुमला में 22 सितंबर 2024 को होनेवाली रैली अब विशेष कारणों से 29 सितंबर 2024 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम 27 सितंबर 2024 को रांची के मोरहाबादी मैदान से राजभवन रांची तक निकलने वाली झारखंड बचाओ रैली के कारण तिथि में परिवर्तन की गई है।

## दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के टुडुरमा गांव के बाजर टांड में शुक्रवार को दुर्गा पूजा समिति की बैठक की हुई। जिसमे समिति के सदस्यों ने पुरानी कमिटी के बेहतर कार्यकाल से को देखते हुए उसे यथावत रखने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। जिसमे अध्यक्ष पदमोहन कुमार साहु ,सचिव सतीश सिंह एवं कोषाध्यक्ष सुरजनाथ साहु,रघुनंदन साहु को समिति का पदाधिकारी के रूप में पुनः रखा गया। इस पर समिति के अध्यक्ष पदमोहन साहू ने कहा की पिछले वर्ष जिस प्रकार से सभी समिति के सदस्य ने हमे सहयोग किया था।

## कांग्रेस के प्रदेश महासचिव, हर संभव मदद का दिया भरोसा

**घाघरा।** बारिश के दौरान घाघरा प्रखंड के ईचा नवा टोली में घर गिरने से झालो देवी की मौत की खबर के बाद कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवकुमार भगत (टुनटुन), अनिरुद्ध चौबे व पूर्व मुखिया आदित्य भगत पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। वहीं घायल अनीशा को एम्बुलेंस मुहैया करा कर इलाज के लिए गुमला भेज कर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से इलाज कराने की बात कही है। उन्होंने प्रखंड व जिला के अधिकारियों से बात कर मुआवजा के अलावे जो भी लाभ परिजनों को दिया जा सके उसे पर पहल करने की बात कही। आवास योजना के तहत पीड़ित परिवार के लिए पक्का मकान स्वीकृत कराने के लिए पंचायत के मुखिया से आग्रह भी किया है। यहां बता दें कि लगातार 2 दिन की बारिश के दौरान मंगलवार की अहले सुबह जब मां व बच्ची एक साथ जमीन पर सोयी थी इस दौरान घर का दीवाल गिरा जिससे दबाकर मां की मौत व बच्ची घायल हो गई थी।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशनपुर द्वारा वैज्ञानिक ढंग से लाह की खेती पर आयोजित पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिसई प्रखंड के नगर पंचायत के 26 किसानो ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक अटल बिहारी तिवारी नें बताया कि गुमला जिला लाह उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है। क्योंकि इस जिले में लाह उत्पादन के लिए पोषक पौधों की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता है। जिसमें बेर, कुसुम, प्लास के पौधे आसानी से पाया जाता है।

### आगामी चुनाव के निमित मतदाताओं को जागरूक करने का उद्देश्य

# तीन इवीएम व वीवीपीपैट मोबाइल डिमॉन्सट्रेशन वैन को किया गया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** आगामी चुनाव के मद्देनजर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा 03 ईवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से आगामी चुनाव के दौरान ईवीएम मशीन के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। जागरुकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्र अंतर्गत घूम घूम कर ईवीएम वीवीपैट तथा निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से 03 ईवीएम मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन को रवाना किया गया है। डिमोंस्ट्रेशन वैन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी दी जाएगी। जागरुकता रथ जिला अंतर्गत विभिन्न गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा कि कैसे ईवीएम व वीवीपैट मशीन कार्य करता है। उक्त मोबाइल डिमॉन्स्ट्रेशन वैन निर्वाचन की घोषणा तक स्थैतिक रूप से संचालित रहेगा.सुरक्षा के दृष्टिकोण से ईवीएम मोबाइल डिमोंस्ट्रेशन वैन के साथ दण्डाधिकारियों व पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। मौके पर अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।



ईवीएम मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन रवाना करते उपायुक्त व अन्य

## बच्चियों को कृमि की दवा खिलाकर अभियान का किया गया शुभारंभ

**बसिया।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मौके पर बसिया कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय के छात्राओं को कृमि कि दवा एक खुराक खिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया मौके पर रेफरल अस्पताल बसिया के चिकित्सा प्रभारी डॉ. विजय लकड़ा द्वारा छात्राओं को कृमि कि दवा एक एक खुराक खिलाकर कार्यक्रम कि शुरूआत कि गई। मौके पर डॉ. लकड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्देश्य स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना है, ताकि उनके समग्र स्वास्थ्य, पोषण स्थिति, शिक्षा तक पहुंच और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके इस मौके पर बीपीएम संदीप साहू युएसएड के राहुल कुमार विद्यालय कि शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## जेएसएससी परीक्षा को लेकर डीसी ने होटल संचालकों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगामी 21 एवं 22 सितंबर 2024 को होनेवाले झारखण्ड सामान्य योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के होटल संचालकों के साथ एक आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में की। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी होटल संचालकों को निर्देश दिया गया कि दो दिन परीक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह बहुत संवेदनशील परिस्थिति है जिसमें परीक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलानेवालों पर पैनी नजर रखने की आवश्यकता है। होटल संचालक इन दो दिनों के दौरान अपने होटल व होटल परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के होने की सूचना त्वरित रूप से जिला प्रशासन को दें। आपके होटल में कौन आ रहे हैं इसकी व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए अपने पास जानकारी रखें। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि परीक्षा को लेकर राज्य सरकार द्वारा सख्त निर्देश प्राप्त हैं। आप सभी होटल संचालक अपने होटल में आने-जाने वाले व्यक्तियों पर विशेष नजर रखें। अभ्यर्थी के अलावा कोई ऐसा व्यक्ति दिखे जो संदिग्ध जान पड़ता है उसकी सूचना अपने नजदीकी थाने को दें। अपने होटल में जरूरी नोटिस लगाएं। गड़बड़ी फैलानेवालों पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, नगर प्रशासक समेत विभिन्न होटलों के संचालक उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी

एक नजर में

## कांग्रेस पार्टी में स्थानीय प्रत्याशी की मांग हुई तेज



बैठक में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के नवडीहा गांव स्थित सामुदायिक भवन में कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में हुई। इसमें 2024 में होने वाली विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यरूप से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष कांग्रेसी नेता डोमना उरांव व प्रवेक्षक नन्द कुमार शुक्ला ग्रामीण की उपस्थिति में बूथ स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकताओं को चिन्हित कर उन्हें पार्टी के नीति व सिद्धांतों को लेकर जनता के बीच ले जाने पर बल दिया गया। लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से आए कार्यकताओं के साथ राय शुमारी कर पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन प्रखंड अध्यक्ष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डोमना उरांव ने किया।

बैठक मे लोहरदगा विधानसभा पांच स्थानीय प्रत्याशियों के चयन को लेकर रायसुमारी की गई। रायसुमारी मे अभिनव सिद्धार्थ,सूखेर भगत, जयदीप तिग्गा, दिनेश खेरवार, डॉ रामेश्वर उरांव के नाम सामने आया. रायसुमारी मे अभिनव सिद्धार्थ को सबसे अधिक मत मिला। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डोमना उरांव ने कहा की कल कांग्रेस की बैठक मे शांति पूर्व बैठक हुई थी.उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव मे नया चेहरा स्थानीय प्रत्याशी होना चाहिए।

## आवास योजना में भ्रष्टाचार को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना, जुलूस



प्रखंड कार्यालय के समय प्रदर्शन करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा तथा आदिवासी किसान मजदूर पार्टी ने प्रखण्ड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा आदिम जनजातियों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ विशुनपुर प्रखंड में जूलूस निकाला तथा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में धरना दिया। जूलूस स्थानीय मीडिल स्कूल के समीप से शुरू होकर प्रखण्ड कार्यालय परिसर पहुंच कर धरना के रूप में तब्दील हो गया। जूलूस में बिरसा के सपूतों ने ललकारा है,घूसखोरी नहीं चलेगा। भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ जैसे आक्रोश पूर्ण नारे लगाये गये। आंदोलन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने कहा कि सरकार के द्वारा आदिम जनजातियों के संरक्षण एवं उत्थान के लिए चलायी जा रही सारी योजनाएं धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही। सभा को सुरेश प्रसाद यादव, मंगल देव असूर, रविनन्दन असूर, विजय विरहोर,शशिकांत बिरजिया आदि लोगों ने सम्बोधित किया। आंदोलन के पश्चात मुख्यमंत्री तथा उपायुक्त को संबोधित मांग पत्र सीओ को सौंपा गया। जिसमें प्रखण्ड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, जीयो टैग के नाम पर अवैध वसूली के दोषियों के ऊपर कार्यवाई करने, सीएसआर के तहत समुचित विकास की गारंटी करने की मांग शामिल है।

## लोहरदगा समाहरणालय मैदान में 27 को गरजेंगे योगी

### विशाल मंच निर्माण को लेकर तैयारी शुरू



तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे भाजपा के पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य के दक्षिणी प्रमंडल में 22 सितम्बर से 28 सितंबर तक आयोजित परिवर्तन संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी को लोहरदगा पहुच रही परिवर्तन संकल्प रथयात्रा के साथ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवम प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 बजे अपराह्न लोहरदगा पहुचेंगे और विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके लिए लोहरदगा समाहरणालय मैदान में पार्टी द्वारा विशाल मंच का निर्माण कराया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव,उपाध्यक्ष अनिल उराँव,अजय पंकज,महामंत्री पशुपतिनाथ पारस,संजय कुमार, जगनन्दन पौराणिक एवम जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी द्वारा मैदान का अवलोकन किया गया।मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है।हेमंत सरकार द्वारा अपने चुनावी घोषणाओं का नजरअंदाज करना , महिलाओ की असुरक्षा, भ्रस्टाचार, रोहंगिय मुसलमानो का अवैध घुसपैठ कराना,आदिवासियों का जमीन हड़पना, उन्हें भारी पड़ेगी।जनता भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को फिर से सत्ता सौपने को तैयार है।उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश आज मॉडल स्टेट बन गया है। देश के सभी राज्य की जनता योगी जैसा मुख्यमंत्री चाह रहे है । उन्होंने कहा कि 27 सितम्बर को जिले भर से लगभग 25 हजार लोग मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को सुनने समाहरणालय मैदान पहुचेंगे।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की जिला स्तरीय बैठक हुई

## सभी विभाग आपसी समन्वय से बच्चों के हित में वाले कार्यों में करे प्रगति: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की जिला स्तरीय बैठक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बाल संरक्षण, समाज कल्याण, श्रम, डालसा, शिक्षा, मिरेकल फाउंडेशन, शा आदि की ओर जिला में बाल संरक्षण व पुनर्वास की दिशा में किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया और विभिन्न विभागों के द्वारा इस दिशा में किये जाने वाले कार्यों व आपसी समन्वय से किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गयी। उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय से बच्चों के हित में किये जाने वाले कार्य मे प्रगति लाने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा द्वारा पोस्को एक्ट में आ रहे मामलों व उनकी सुनवाई और सजा के प्रावधानों के बारे बताया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि तय समय-सीमा के अंदर ही कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्रम विभाग पुलिस विभाग के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करे। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका अक्षरशः पालन किया जाय। जो भी मामले आएं उनकी मॉनिटरिंग की जाय। डालसा सचिव राजेश कुमार द्वारा जिला में पोस्को एक्ट अंतर्गत आये मामलों में की जा रही सुनवाई व प्रगति की जानकारी दी। साथ ही उनके पुनर्वास व मुआवजा के संबंध में की रही कार्रवाई के बारे भी बताया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा 0-6 वर्ष के बच्चों और 6-18 वर्ष के किशोर-किशोरियों को स्पॉन्सरशिप के माध्यम से दी जा रही सुविधाओं और इसके तहत कार्य कर रही संस्थाओं की जानकारी दी गई। श्रम अधीक्षक दिनेश भगत द्वारा बाल श्रम अंतर्गत होटलों से अब तक रेस्क्यू किये गए बच्चों/किशोर-किशोरियों की जानकारी दी। साथ वैसे बच्चों के नियोजन,अभिभावकों को सूचना देना, होटल संचालक से वसूल किये जाने दण्ड शुल्क की जानकारी दी। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार द्वारा मिशन वात्सल्य के रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी।



बैठक में मौजूद अधिकारी

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के लोग मिले डीसी और एसपी से

**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकडा, महामंत्री मिथुन तमेडा एवं समिति के संरक्षकों ने जिला उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं जिला आरक्षी अधीक्षक हारिश बिन जमा से मुलाकात कर दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के निमित्त विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा की। मौके पर समिति द्वारा बताया गया की जिले में कई जगहों पर मां दुर्गा की पूजा धूमधाम के साथ की जाती है। ऐसे में उन जगहों पर प्रशासन साफ सफाई के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई साथ ही शहरी क्षेत्र में स्थित तालाबों के गंदा होने के कारण पितृपक्ष में लोगों को हो रही कठिनाईयों को लेकर भी चर्चा की। साथ ही समिति ने अविलंब तालाबों की सफाई कराने की बात कही।

### परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजट ले जाने पर रोक

# डीसी व एसपी ने कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा 2023 के सफल आयोजन एवं विधि व्यवस्था की तैयारीयों की समीक्षा हेतु शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधिक्षक द्वारा भरनो स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, भरनो गुमला, संत तुलसीदास +2 उच्च विद्यालय सिसई, गुमला, माघी बालिका उच्च विद्यालय, सिसई गुमला, संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला, डॉन बास्को स्कूल, गुमला, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला, उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय गुमला, संत पैत्रिक उच्च विद्यालय, गुमला, संत अन्ना उच्च विद्यालय दाउदनगर पुग्गू गुमला, सहित विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया एवं वहां की अंतिम तैयारियों जा जायजा लिया गया। नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति अपर समाहर्ता गुमला द्वारा सभी विद्यालयों अंतर्गत परीक्षा के दृष्टिकोण से उपलब्ध व्यवस्थाओं की जांच की गई। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि परीक्षा केंद्रों के अंदर अभियार्थियों सहित किसी भी व्यक्ति को मोबाइल फोन एवं अन्य गैजेट लेकर जाने की अनुमति नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा की तैयारियों के निमित किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं अधिकारियों को सतर्कता पूर्वक तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा सभी विधि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, सभी कमरों का निरीक्षण किया गया एवं वहां की व्यवस्थाओं को देखा गया। सभी परिक्षा केंद्रों के अंतर्गत कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरा के अधिष्ठापन जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए गए।वहीं उपायुक्त द्वारा परीक्षा केंद्रों अंतर्गत साफ सफाई, पेयजल की सुविधा, शौचालय की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, फर्स्ट एड बॉक्स, बायो मैट्रिक सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की अद्यतन स्थिति का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं पुलिस कर्मियों को परीक्षा केंद्रों में परीक्षा के दिन पूर्वाह्न 5 बजे से पूर्व तैनात रहने का निर्देश दिया गया एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों अंतर्गत कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के अंदर जैमर लगाएं जाएंगे मोबाइल नेटवर्क की सुविधा बाधित रखी जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा के सफल आयोजन हेतु उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को सजगता से अपनी ड्यूटी निभाने की बात कही। इस दौरान कई परीक्षा केंद्रों अंतर्गत प्रतिनियुक्त शिक्षकों से भी उन्होंने मुलाकात की एवं परीक्षा दिवस के दिन उनके दायित्वों से उन्हें अवगत करवाया गया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य रूप से संबंधित परीक्षा केंद्रों में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी, गशती दंडाधिकारी, परीक्षा ऑब्जर्वर, जोनल दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी एवं संबंधित पुलिस पदाधिकारी तथा सभी केंद्रा अधीक्षक एवं वीक्षक मौजूद थे।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीसी व एसपी

### बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज

## चार बेटियों ने पिता की अर्थी को कंधा देकर किया अंतिम संस्कार




पिता के चिता को मुख्यागिनी देती बेटी

**गुमला।** गुमला के जाने-माने अधिवक्ता बड़ाइक मोहल्ला निवासी कमासुक ओहदार का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी सिर्फ पांच बेटियां हैं। घर और आसपास हमेशा इस बात की चर्चा होती थी कि घर में बेटे नहीं है, बेटियां कितना कर पाएंगी और बुढ़ापे में इनका कौन सहारा बनेगा, लेकिन पांचो बेटियों ने मिलकर कभी अपने मां-बाप को बेटे की कमी होने नहीं दी। लंबी बीमारी के बाद पिता की मौत हो गई। इसके बाद सैकड़ो की संख्या में शुभचिंतक उनके घर पहुंचे। रिश्तेदार सहित अन्य लोग आपस में एक दूसरे का सहयोग करते हुए अंतिम संस्कार करने की बात कर रहे थे, इसी दौरान चार बेटियां सामने आई और कहा कि हम अपने पिता को कंधा देंगे और अंतिम संस्कार करेंगे। इसके बाद चार बेटियां नीलिमा ओहदार, विद्यावती ओहदार, ज्योति ओहदार और अर्चना ओहदार ने पिता को कंधा दिया। यह देख लोगों की आंखें नम हो गई। बड़ी बेटी नीलिमा ओहदार ने मुखाग्नि दी। जबकि सबसे छोटी बेटी अल्पना ओहदार की तबीयत खराब है और वह इलाज हेतु बाहर है। वही घर पर मां कौशल्या देवी है। समाज सहित लोगों ने बेटियों के इस जज्बे को सलाम किया है।

